# कलेक्ट्रेट परिसर में रैली-जुलूस पर प्रतिबंध

## कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश , 2 माह तक प्रभावशील रहेगा आदेश

**सिवनी नवभारत। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने कार्यालय कलेक्टर, परिसर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 223 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।**

जारी आदेश अनुसार, बिना अनुमति के कलेक्टर कार्यालय परिसर में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह एकत्रित नहीं होगा। परिसर में किसी भी प्रकार का प्रदर्शन, जुलूस या रैली निकालना प्रतिबंधित रहेगा, साथ ही बिना अनुमति के ज्ञापन देने हेतु प्रवेश भी वर्जित रहेगा। कोई भी व्यक्ति लाठी, डंडा या अन्य धारदार हथियार लेकर कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। ज्ञापन देने के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा कार्यपालिक दण्डाधिकारी को पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा।

यदि किसी व्यक्ति को ज्ञापन देने की अनुमति प्रदान की जाती है, तब भी समूह के सभी लोग परिसर में प्रवेश नहीं करेंगे। केवल एक प्रतिनिधि, जो समूह का मुखिया होगा। कार्यालय में प्रवेश कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी से संपर्क करेगा। इसके बाद कार्यपालिक दण्डाधिकारी अपने विवेक से कार्यालय के भीतर या बाहर ज्ञापन प्राप्त करेंगे।



### भड़काऊ नारेबाजी पर भी रहेगा प्रतिबंध

इसके अतिरिक्त, किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा हिंसा भड़काने वाले, समाज में वैमनस्य फैलाने वाले अथवा किसी व्यक्ति विशेष के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले नारे लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। समस्त ज्ञापन अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिवनी के कार्यालय में ही प्राप्त किए जाएंगे। यह आदेश सर्वसाधारण पर लागू रहेगा, किंतु कर्तव्य पर कार्यरत शासकीय सेवकों, पुलिस बल के सदस्यों, मजिस्ट्रेटों तथा शासन निर्देशानुसार आयोजित बैठकों में आमंत्रित व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा। आदेश जारी दिनांक से 02 माह तक प्रभावशील रहेगा।

## नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर आज को

सिवनी। प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सिवनी ने बताया कि महिला एवं बालिकाओं के लिए नि :शुल्क नेत्र जांच एवं विधिक परामर्श सहायता शिविर का आयोजन गुरुवार 05 फरवरी को किया जा रहा है। यह शिविर दोपहर 12 बजे से शाम 04 बजे तक कार्यालय वन स्टॉप सेंटर, सी.वी. रमन वार्ड, वृद्धाश्रम के पास, सिवनी में आयोजित होगा। शिविर में महिलाओं एवं बालिकाओं की नि :शुल्क नेत्र जांच की जाएगी, साथ ही महिलाओं को विधिक परामर्श एवं सहायता भी प्रदान की जाएगी। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना है। आयोजकों द्वारा जिले की समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ उठाएं।

# दो शावकों को रेस्क्यू कर सतपुड़ा पार्क भेजा

**सिवनी नवभारत। गत 02 फरवरी की रात्रि में ग्रामवासियों द्वारा दक्षिण सिवनी वनमंडल एवं पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी के वन अमले को सूचना दी गई कि दक्षिण वनमंडल सिवनी के राजस्व ग्राम गोरखपुर में कृषि भूमि के समीप स्थित एक छोटे मंदिर के पास दो बाघ शावक देखे गए हैं।**



क्षेत्र संचालक पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि सूचना मिलते ही वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचा। जिज्ञासावश एकत्रित भीड़ को नियंत्रित करते हुए जब स्थल का निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि दोनों बाघ शावक लगभग 7-8 माह के, भयभीत एवं अत्यधिक कमजोर अवस्था में हैं तथा उन्हें तत्काल गहन देखभाल की आवश्यकता है। बाघ शावकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिना किसी ट्रैंक्विलाइज़ेशन के रात्रि लगभग 2:30 बजे दोनों शावकों को दो अलग-अलग पिंजरों में सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया गया। इसके पश्चात उन्हें पेंच टाइगर रिज़र्व स्थित पशु चिकित्सालय, खवासा ले जाया गया, जहां उन्हें पर्याप्त भोजन एवं पानी उपलब्ध कराया गया तथा सीसीटीवी निगरानी में विश्राम हेतु रखा गया।

03 फरवरी की प्रात : दोनों बाघ शावक स्वस्थ एवं स्थिर पाए गए। मानव प्रभाव (ह्यूमन इम्प्रिंटिंग) से बचाव एवं री-वाइल्डिंग के उद्देश्य से दोनों शावकों को एक साथ परिवहन पिंजरे में रखकर सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व भेजा गया। यह संपूर्ण कार्यवाही वन अमले एवं पशु चिकित्सा दल के समन्वित प्रयासों से शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न हुई, जिससे बाघ शावकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सका।

## एक नजर में

### कांग्रेस के जिला संगठन महासचिव बने हनीफ अंसारी



सिवनी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, जिला स्तर पर कांग्रेस जनों में समन्वय स्थापित करने एवं जिला कांग्रेस कमेटी के संगठनात्मक कार्यो में सहयोग के लिए प्रदेश के समस्त जिला कांग्रेस कमेटियों में जिला संगठन महासचिवों की नियुक्ति की जा रही है ताकि कांग्रेस संगठन में संगठनात्मक कार्यक्रमो में आम जन की सहभागिता सुनिश्चि करने में सहयोग मिल सकें। इसी के तहत जिले के वरिष्ठ कांग्रेस परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता हनीफ अंसारी को जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी का जिला संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने हनीफ अंसारी को जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नियुक्त होने पर अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुये अपेक्षा व्यक्त की है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के दिशा निर्देशानुसार कांग्रेस विचारधारा के अनुरूप पार्टी की मजबूती के लिए कांग्रेस संगठन के दायित्वों का निर्वहन करते हुये, हमारे अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी, राष्ट्रीय कांग्रेस नेता जन नायक राहुल गांधी जी के हाथ मजबूत करेंगे। हनीफ की इस नियुक्ति पर जिले के समस्त कांग्रेस जनों ने बधाई देते हुये प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व का ह्रदय से आभार व्यक्त किया है।

### भक्तिमय हुआ छपारा, भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

छपारा। विगत 2 फरवरी से नगर के संजय कॉलोनी स्थित शनि मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत साप्ताहिक कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन भक्ति की अविरल धारा बही। शनि मंदिर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में कथा वाचक पंडित श्री नारायण शास्त्री जी महाराज (बंजारी वाले) ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भक्ति मार्ग का दर्शन कराया। कथा के दूसरे दिन महाराज श्री ने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भागवत श्रवण से न केवल मन को शांति मिलती है, बल्कि यह मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है। उन्होंने पांडव चरित्र और गोकर्ण उपाख्यान के माध्यम से सत्संग की महिमा का वर्णन किया। महाराज जी ने कहा कि मनुष्य को अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय प्रभु भक्ति के लिए अवश्य निकालना चाहिए, क्योंकि अंत में केवल हरि नाम ही साथ जाता है। पार्थिव शिवलिंग अभिषेक- प्रतिदिन सुबह 9 बजे से श्रद्धापूर्वक पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त हिस्सा ले रहे हैं। भक्तिमय संगीत- कथा के दौरान भजनों पर झूमते श्रद्धालुओं से पूरा पंडाल राधे-राधे के जयघोष से गूंज उठा आयोजक समिति ने जानकारी दी कि कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। आगामी 9 फरवरी को कथा की पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद का वितरण दोपहर 3 बजे से किया जाएगा।



# वोटर लिस्ट से नाम कटवाने की साजिश का आरोप, हुई शिकायत

**भारतीय जनता पार्टी के बीएलए पर लगाए गंभीर आरोप**

**छपारा नवभारत।** छपारा तहसील अंतर्गत ग्राम चंदेनी (रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक-01) में मतदाता सूची को लेकर विवाद सामने आया है। गांव के लगभग 10 ग्रामीणों ने एक व्यक्ति पर चुनावी रंजिश के चलते उनका नाम मतदाता सूची से कटवाने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसीलदार छपारा को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।



ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार नगर परिषद छपारा वार्ड क्रमांक-01 निवासी पंकज शिववेदी, जो भारतीय जनता पार्टी से जुड़े बताए जा रहे हैं तथा भारतीय जनता पार्टी बीएलए हैं, पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने चुनाव आयोग की एस आई आर प्रक्रिया के तहत ग्रामीणों के विरुद्ध झूठी आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पीढ़ियों से ग्राम चंदनी के स्थानीय निवासी हैं, इसके बावजूद दुर्भावनापूर्ण तरीके से उनके नाम मतदाता सूची से हटवाने का प्रयास किया जा रहा है।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि झूठी शिकायत कर शासन और चुनाव आयोग को गुमराह किया गया है, जिससे न केवल उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है, बल्कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भी प्रभावित होने की आशंका है। वहीं वॉर्ड नंबर एक निवासी सुनील उईके ने बताया कि उनके पिता कुसुम लाल पूर्व में सरपंच रहे साथ ही खुद सुनील उईके भी सरपंच से लेकर उप सरपंच रहे वहीं वर्तमान में उनकी पत्नी अहिल्या बाई वॉर्ड पार्षद हैं सारा परिवार जनप्रतिनिधि रहा हैं इसके बाद भी वोटर लिस्ट में एस आई आर के तहत नाम कटवा देना पूरी तरह द्वेष भावना नजर आ रहा है, वही अन्य चिन्हित ग्रामीणों का नाम भी काटा गया है जो कि वर्षों से कई पीढ़ियों से ग्राम में निवास कर रहे हैं जिसको लेकर तहसीलदार से लेकर जिला प्रशासन से उचित कार्यवाही कि मांग की हैं।

सभी ग्रामीणों ने तहसीलदार से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति चुनावी द्वेष के चलते मतदाताओं के अधिकारों से खिलवाड़ न कर सके। इस सामूहिक शिकायत में ग्राम के मंगलप्रसाद, ईसाक खाँ, कुसुमलाल उइके, सुनील कुमार उइके, संतराम अहिरवार, यूनुस खाँ , देवेन्द्र अहिरवार,मिलन अहिरवार, अहिल्याबाई सुनील उईके, अंतराम अहिरवार ग्रामीणों के नाम शामिल हैं। सभी शिकायतकर्ताओं ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन के माध्यम से प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# जिले में 5 से 7 फरवरी तक विशेष पेंशन शिविर का होगा आयोजन

**सिवनी नवभारत।** शासन के निर्देशानुसार माह फरवरी में जिले में विशेष पेंशन शिविर का आयोजन 05 फरवरी से 07 फरवरी तक जिला पेंशन कार्यालय, सिवनी में किया जा रहा है। जिला पेंशन अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि शिविर के माध्यम से समस्त विभागों के 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त, मृत अथवा स्वैच्छिक सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।




सभी संबंधित कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि उनके कार्यालयों में लंबित समस्त पेंशन प्रकरण शिविर अवधि में अनिवार्य रूप से जिला पेंशन कार्यालय में जमा कराएं। साथ ही पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु प्रभारी लिपिक की उपस्थिति शिविर अवधि में जिला पेंशन कार्यालय में सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बताया कि शिविर अवधि में समस्त लंबित पेंशन प्रकरणों को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि में यदि किसी कार्यालय द्वारा पेंशन प्रकरण प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो माह फरवरी 2026 का संबंधित कार्यालय प्रमुख एवं संबंधित लिपिक का वेतन रोके जाने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# सीपीएल क्रिकेट लीग 3 : बोस श्याम करेंट विजेता

**छपारा नवभारत।** नगर के सिंचाई कालोनी स्थित खेल मैदान पर विगत 22 जनवरी से शुरू हुई नगर की यंग हीरो क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित सीपीएल क्रिकेट लीग- 3 का मंगलवार को हुए क्वार्टर, सेमी फाइनल और अंतिम फाइनल मैच मुकाबले के साथ समापन हुआ लीग का फाइनल मैच सिटी बॉयज और बोस करंट श्याम के बीच खेला गया जिसमें बोस श्याम करेंट ने रोमांचक मुकाबले में 30 रनों से जीत हासिल कर ट्राफी को अपने नाम किया लीग के इमरान खान मैन ऑफ़ द सीरीज, सक्षम कोष्टा बेस्ट बॉलर एवं युवराज इनवाती सीपीएल-3 फायनल मैच के मैन ऑफ़ द मैच रहे ज्ञात हो कि उक्त ट्रॉफी को आईपीएल की तरह ओक्शन प्रक्रिया से शुरू हुआ था और नगर सहित बर्रा, पायली,घुनई , देवगांव और बकौडासिवनी को शामिल कर खिलाड़ियों को चयनित कर कुल 8 टीम बनाई गई आयोजन में यंग हीरो क्रिकेट क्लब छपारा के वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा अंतिम दिवस नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल, नवनीत सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह ठाकुर ,जितेंद्र राजपूत ,अखिलेश सोनी, देवेंद्र ठाकुर शाश्वत सिंह ,लाल साहब, बंटी रघुवंशी एवं अनिल सराठे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय खेल प्रेमी उपस्थित रहे।




## भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों की वार्षिक बैठक 10 को

**सिवनी नवभारत।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास द्वारा बताया गया कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार 10 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शाम 4.00 बजे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की वार्षिक बैठक का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास ने बताया कि बैठक में शामिल होने वाले सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अनुरोध है कि वे शाम 3.00 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थित सभा कक्ष में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं समस्याएं लिखित रूप में नोट कराएं। उन्होंने बताया कि केवल लिखित रूप में दर्ज किए गए सुझावों को ही बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।

# संत शिरोमणि रविदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**केवलारी नवभारत।** नगर के उगली रोड सागर नदी के किनारे ,शंकर मढिया प्रांगण में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में संत शिरोमणि रविदास के छायाचित्र का पूजन अर्चन ,प्रसाद अर्पित करते हुए भव्य कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में प्रमोद मोदी पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, सांसद प्रतिनिधि सुधीर पाण्डे, मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष हाजी रफीक खान ,जनपद सदस्य मुकेश राजपूत,पवन यादव अधिवक्ता,मनीष अवस्थी पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, मंडल अध्यक्ष अनूप बघेल, सतीश राय , अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष स्वराज बघेल उनके साथी गण राजेश बघेल ,ओमप्रकाश नागपुरे एवं समस्त राष्ट्रीय बजरंग दल के सदस्य, अशोक बेंद्रे, बिट्टू भारद्वाज ,पार्षद प्रशांत तिवारी सभी की उपस्थिति गरिमामई रही । पत्रकारों में निलेश अवधिया, राजू डेहरिया, प्रीतम पाल,अहरवार समाज के प्रमुख मानसिंह अहरवार के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं ने संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज जी की जयंती के अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की श्री संत रविदास एक महान समाज सुधारक थे। जिन्होंने अपने जीवन में सत्य, न्याय और समरसता के मूल्यों को अपनाया, कर्म को उन्होंने प्राथमिकता दी उनके द्वारा दी गई शिक्षाएं आज के वर्तमान परिवेश में प्रासंगिक है और उनके बताएं मार्गों पर चलने की प्रेरणा उपस्थिति लोगों को दी गई । इस अवसर पर अहरवार समाज के प्रमुख मानसिंह अहरवार, रविशंकर अहरवार ,जयशंकर अहरवार, धीरज, कपिल, अमित अहरवार ,इंदिरा अहरवार ,जमुना अहरवार ,संजना, समस्त अहरवार परिवार सहित अन्य समाजों में प्रमुख मंगल वंशकार अशोक कनासिया, बंटी रघुवंशी सहित अन्य समाज के लोग भी उपस्थित थे।



## समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 7 मार्च तक

सिवनी। शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 07 फरवरी से 07 मार्च तक किया जाना है। किसान अपनी फसल का नि:शुल्क पंजीयन सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र में एवं सशुल्क एम पी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर जाकर अपनी उपज का पंजीयन करा सकतें है। जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के पंजीयन केवल सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र द्वारा किये जावेगें, सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के सिकमी अनुबंध दिनांक 02/02/2026 के पूर्व का होने पर ही मान्य किया

# भारत स्काउट एवं गाइड जिला कार्यकारिणी की बैठक

**सिवनी नवभारत।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सिवनी द्वारा बताया गया कि जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत विगत दिवस भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ सिवनी की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला चीफ कमिश्नर श्री लालजीराम मीणा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला संघ के नवीन निर्वाचन के संबंध में विस्तृत एवं महत्वपूर्ण चर्चा करते हुए निर्वाचन कार्यक्रम तैयार किया गया। साथ ही स्काउट एवं गाइड जिला संघ से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से दिनांक 04 फरवरी 2026 से 05 मार्च 2026 तक विशेष सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से यह सहमति प्रदान की गई कि स्काउटिंग के सिद्धांतों एवं नियमों का पालन करने वाले इच्छुक व्यक्तियों को सदस्य बनाया जाएगा। सदस्यता अभियान के दौरान स्काउट एवं गाइड की नीति एवं सिद्धांतों में विश्वास रखने वाले व्यक्ति निर्धारित शुल्क जमा कर सदस्यता ग्रहण कर सकेंगे।




बैठक में जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत स्काउटिंग गतिविधियों को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने हेतु सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्यों में ललित मिश्रा (सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट, जबलपुर), एम.एस. राहंगडाले (सहायक संचालक), राकेश दुबे (विकासखंड अधिकारी), एस.के. सिंह (प्राचार्य), श्रुति तिवारी (मंडल संयोजक) सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

**महोत्सव** श्री द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

# 21 से 27 तक होंगे धार्मिक अनुष्ठान, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**सिवनी नवभारत।** श्री द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव (21 फरवरी से 27 फरवरी) की तैयारियों को लेकर गत 31 जनवरी को आलोक दुबे जी के निवास स्थान, माता दिवाला मंदिर, विवेकानंद वार्ड में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी धार्मिक आयोजनों तथा 22 फरवरी को निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा को ऐतिहासिक और दिव्य स्वरूप देने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

पूज्य शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद जी सरस्वती महाराज के पावन मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस भव्य धार्मिक आयोजन की सफलता, गरिमा एवं सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठक में विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा भी की गई।

देशभर से संत-महात्मा एवं वीवीआईपी अतिथि होंगे शामिल

आयोजन समिति ने जानकारी दी कि द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से संत-महात्मा, धार्मिक विद्वान एवं विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। आयोजन की गरिमा के अनुरूप आवास, भोजन, यातायात, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारियाँ की जा रही हैं।

आयोजन समिति के अनुसार बैठक में विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर विचार किया गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की संपूर्ण कार्यक्रम रूपरेखा का निर्धारण किया है। इनमें आचार्यों के निर्देशानुसार विभिन्न व्यवस्थाओं की योजना, समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रचार-प्रसार एवं संपर्क योजना, धर्मप्रेमियों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।

### आयोजन की भव्यता के लिए गठित की गईं समितियां

आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए व्यवस्थाओं का विभाजन करते हुए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। प्रत्येक समिति को कार्य के अनुरूप जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं तथा आपसी समन्वय से आयोजन को सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं श्रीमद्भागवत कथा हेतु अतिथि आवास समिति, भंडारा समिति, शोभा यात्रा समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, मीडिया समिति, अतिथि सत्कार समिति, पार्किंग समिति, मेला समिति, स्वास्थ्य समिति, परिवहन समिति, पेयजल समिति, स्वच्छता समिति, महिला समिति (शोभा यात्रा), महिला समिति (आमंत्रण), पूजन एवं फूलमाला समिति, सोशल मीडिया समिति, मंचीय व्यवस्था एवं पुष्प सज्जा समिति, भंडारा महिला समिति, व्यवस्था महिला समिति, विद्युत, टेंट एवं सजावट समिति का गठन किया गया है।

अंत में आयोजन समिति ने सभी गुरुभाइयों, बहनों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस पावन आयोजन की सफलता में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और धर्म, संस्कृति एवं श्रद्धा के इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाएं।

## आदर्श चौरसिया लेडिज क्लब की कार्यकारिणी गठित



**सिवनी नवभारत।** लेडिज क्लब का गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष एव आर्दश-चौरसिया संस्थापिका श्रीमती सारिता चौरसिया एवं मध्यप्रदेश की अध्यक्षा श्रीमति रीना संजय चौरसिया के सानिध्य में संपन्न हुआ। जिससे श्रीमती अर्चना नरेन्द चौरसिया को आदर्श चौरसिया लेड़िज क्लब सिवनी की अध्यक्षा बनाया गया। वैशाली सुधीर चौरासिया को कार्यकारी अध्यक्षा बनाया गया, श्रीमती आरती संजय चौरसिया एवं श्रीमती सीमा संजय चौरसिया को उपाध्यक्ष बनाया गया, श्रीमति प्रीति विजय चौरसिया को कोषाध्य बनाया गया, श्रीमात रेखा मूलचंद चौरसिया सचिव बनाया गया, श्रीमति सुनीता अनिल चौरसिया को सह-सचिव, एवं कविता राजेश चौरसिया को डायरेक्टर बनाया गया एवं इस प्रकार आदर्श चौरसिया लेडिज क्लब की कार्यकारिणी का गठन हुआ।

एडवांस केयर हॉस्पिटल
लखनादौन जिला सिवनी
आवश्यकता है
इच्छुक मेल फीमेल नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है पता सिवनी रोड समनापुर एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन
संपर्क सूत्र
9752360935
9424657567

आवश्यकता हैं
दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता हैं, ड्रायव्हर 2, (सैलरी 10 से 20 हजार)
समय : सुबह 10 से रात 8, बजे तक
संपर्क :- नारायणी सेल्स, साई हॉटेल के पीछे, तवकल लेआऊट वाडी नागपुर
70288 80502
86003 82146